संख्या-323 /सोलह-1-2009-13(37)/07

प्रेषक

राम गणेश
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आजमगढ़।

व्यावसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 04 फरवरी, 2009

विषय- एस0सी0पी0 अंतर्गत जनपद आजमगढ़ में मान्यवर कांशीराम इंजीनियरिंग कालेज आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी की स्थापना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-394/सोलह-1-2007-13(37)/2007, दिनांक 11.4.08 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम अकबालपुर, तहसील लालगंज की भूमि जो अभिलेखों में कुक्कुट पालन हेतु दर्ज है तथा इसी भूमि से सटे स्थल ग्राम सिकरौरा, तहसील लालगंज की भूमि जो अभिलेखों में वृक्षारोपण के नाम से दर्ज है, पर मान्यवर कांशीराम इंजी0 कालेज आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, आजमगढ़ की स्थापना का निर्णय लिया गया है। तदनुसार ग्राम अकबालपुर एवं ग्राम सिकरौरा तहसील लालगंज पर उपलब्ध कुल 31.58 एकड़ रिक्त भूमि पर उक्त इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना के लिए भूमि का पुनर्ग्रहण कराकर संस्था के पक्ष में नामान्तर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने की अपेक्षा की गई थी। अतः मामले में हुई अद्यतन प्रगति शासन को कृपया तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम गणेश)
विशेष सचिव।

[illegible]